कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 05.10.2019

फल एवं सब्जी परिरक्षण कार्यशाला आयोजित

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कौशल विकास के तत्वाधान में खाद्य एवं पोषण बोर्ड, रायपुर द्वारा पांच दिवसीय फल एवं सब्जी परिरक्षण तथा पोषण कार्यशाला का आयोजन किया गया। भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के द्वारा प्रायोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम महाविद्यालय में अध्ययनरत् अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की छात्राओं के लिये आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में छात्राओं को फल एवं सब्जी द्वारा निर्मित खाद्य पदार्थ बनाना सिखाया गया। तथा उन्हें साल भर तक सुरक्षित रखने के लिये परिरक्षण विधि बताई गई। इस कार्यशाला में छात्राओ ने मिक्स आचार, इमली सॉस, टमाटर सॉस एवं चटनी, पौष्टिक बर्फी तथा विभिन्न प्रकार के पोषक व्यंजन बनाये।

कार्यशाला में प्रशिक्षक मनीष यादव ने छात्राओं को आहार तालिका, खून की कमी से बचाव, स्वच्छता, पोषण आदि विषय पर भी जानकारी दी।

साथ ही इस कार्यशाला में स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत हाथ धुलाना सिखाया गया व स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम के अंतिम दिन स्वच्छता और पोषण पर रैली निकालकर लोगों तक संदेश पहुँचाया गया। इस अवसर पर पौष्टिक व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विजेता छात्राओं को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने पुरस्कार प्रदान किये गये। शासन द्वारा निर्धारित मानदेय राशि व प्रशिक्षण पूर्ण करने पर प्रमाण–पत्र प्रदान किये गये।

कार्यशाला में खाद्य एवं पोषण बोर्ड, रायपुर के प्रभारी मनीष यादव व सहयोगी चेतन पटेल तथा कौशल विकास केन्द्र की संयोजक डॉ. बबीता दुबे का सक्रिय योगदान रहा।

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

गर्ल्स कॉलेज में

फल एवं सब्जी परिरक्षण कार्यशाला आयोजित